**परीक्षा 2022-23**

**MODEL TEST PAPER**

**कक्षा -आठवीं**

**विषय : हिंदी (द्वितीय भाषा)**

**समय : 3 घंटे** **कुल अंक : 90**

**भाग - क बहुवैकल्पिक प्रश्न**

**प्रश्न- 1. (I) निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दें-**

(i) निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'ईश्वर' का पर्यायवाची शब्द है?

(क) भगवान (ख) पिता (ग) पवन (घ) अग्नि

(ii) निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'मित्र' शब्द का पर्यायवाची नहीं है ?

(क) उद्यान (ख) मीत (ग) सखा (घ) स्नेही

(iii) निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द चुनकर लिखो -

(क) शक्तिशाली (ख) शक्तिशालि (ग) सक्तिशाली (घ) शकतीशाली

(iv) निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द चुनकर लिखिए-

(क) चुनौती (ख) चुनोती (ग) चुनौति (घ) चूनोती

(v) निम्नलिखित में से संज्ञा शब्द चुनकर लिखिए-

(क) हार (ख) बुरा (ग) चढ़ना (घ) मेहनत

(vi) 'तुम्हें पता चल जायेगा' वाक्य में से सर्वनाम शब्द चुनिए-

(क) तुम्हें (ख) पता (ग) जायेगा (घ) चल

(vii) '<u>गुरु जी</u> ने बच्चों को बड़े प्यार से समझाया।' वाक्य में रेखांकित पद में सही कारक की पहचान करें-

(क) अधिकणर कारक (ख) संप्रदान कारक (ग) कर्ता कारक (घ) अपादान कारक

(viii) निम्नलिखित में से सही विशेषण शब्द की पहचान करें -

(क) अनिल शर्मा (ख) प्रसिद्ध (ग) प्रशिक्षण (घ) दिखाया

(ix) निम्नलिखित वाक्य में से सही क्रिया शब्द की पहचान करके लिखिए-

(क) स्कूल (ख) जा रहे हैं (ग) अध्यापकों (घ) सभी

(x) 'यह लोग क्यों धीरे-धीरे चल रहे हैं?' वाक्य में से क्रिया विशेषण शब्द की पहचान करें-

(क) यह (ख) लोग (ग) चल (घ) धीरे-धीरे (10X1=10)

**प्रश्न- 1. (II) निम्नलिखित कविता भाग आधारित बहु वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दें:-**

(i) 'नवयुवकों के प्रति' कविता किन्हें संबोधित की गई है ?

(क) बच्चों को (ख) नौजवानों को (ग) बूढ़ों को (घ) औरतों को

(ii) 'खेतों में सोना' का क्या अर्थ है ?

(क) अच्छी फ़सल (ख) ख़राब फ़सल (ग) गुणी व्यक्ति (घ) सोने की खेती

(iii) माँ किसका वरदान है ?

(क) ईश्वर का (ख) धरती का (ग) साहस का (घ) ममता का

(iv) राखी का त्योहार किस दिन होता है?

(क) श्रावण की पूर्णिमा (ख) चैत्र की पूर्णिमा (ग) आषाढ़ की पूर्णिमा (घ) कार्तिक की पूर्णिमा (4X1=4)

**प्रश्न- 1. (III) निम्नलिखित कठिन शब्द आधारित बहु वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दें:-**

(i) निम्नलिखित में से 'विपदा' शब्द का सही अर्थ चुनें।

(क) मुसीबत (ख) साहस (ग) प्रभात (घ) भक्ति

(ii) निम्नलिखित में से 'संकेत' शब्द का सही अर्थ चुनें।

क) कोशिश ख) शक (ग) इशारा (घ) प्रयास

(iii) निम्नलिखित में से 'अचेत' शब्द का सही अर्थ चुनें।

(क) चेतना (ख) अचेतना (ग) बेसुध (घ) सुध (3X1=3)

**अन्य वस्तुनिष्ठ प्रश्न**

**प्रश्न - 1. (IV) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर आगे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें -**

मैं हूँ बहन किंतु भाई नहीं है,
राखी सजी, पर कलाई नहीं है।
है भादों, घटा किंतु छाई नहीं है।
नहीं है खुशी, पर रुलाई नहीं है।।

प्रश्न (i) बहन ने क्या सजा रखा है ?

(ii) राखी के त्योहार पर बहन खुश है या नहीं ?

(iii) 'घटा' शब्द का अर्थ लिखें ?

(iv) यह पक्तियाँ किस कविता से ली गई हैं?

(v) बहन का भाई उसके पास है या नहीं? (5X1=5)

**प्रश्न - 1. (V) निर्देशानुसार निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें।**

(i) 'नायिका' शब्द का लिंग बदलें ।

(ii) 'चिमटा' शब्द का बहुवचन रूप लिखें ।

(iii) 'स्वीकार' शब्द का विपरीत शब्द 'अस्वीकार' होगा (हाँ/ नहीं)

(iv) 'कुशल' शब्द का भाववाचक संज्ञा शब्द 'कुशलम्' होगा । (हाँ /नहीं)

(v) 'नगर' शब्द का विशेषण शब्द ' नागरिक' होगा। (सही/ गलत)

(vi) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द का सही मिलान करें:

जल में रहने वाला- विहग
जलचर
नभचर (6X1=6)

**प्रश्न - 1. (VI) निर्देशानुसार निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें।**

(i) रिक्त स्थान में उपयुक्त उत्तम पुरुष का प्रयोग करें-
....................पढ़ते हैं।(मैं, हम)

(ii) रिक्त स्थान में उपयुक्त शब्द का प्रयोग करके वाक्य को भूतकाल में लिखें :
अमनप्रीत ने पुस्तक.............। (पढ़ेगा, पढ़ी)

(iii) उचित संबंधबोधक शब्द लगाकर वाक्य पूरा करें:-
हामिद तो मोटर ............आते-आते बचा । (के नीचे ,के बाद)

(iv) 'मार्ग' शब्द में पूरे 'र' का प्रयोग हुआ है । (सही /गलत)

(v) रिक्त स्थान में उचित योजक शब्द भरें
विश्वजीत कठिन मेहनत करता है........ जीवन में सफल हो सके। (ताकि/ इसलिए)

(vi) रिक्त स्थान में उपयुक्त शब्द का प्रयोग करके निम्नलिखित वाक्य को कर्मवाच्य रूप में बदलें।
रमनदीप...................पत्र लिखा जा रहा है।(ने/द्वारा) (6X1=6)

**भाग - ख** **पाठ्य पुस्तक**

**प्रश्न - 2. निम्नलिखित में से किन्हीं 10 प्रश्नों के उत्तर लगभग एक- दो पंक्तियों में लिखें:**

(i) पिंजरा किस धातु का बना था?

(ii) मेट्रो रेल की पटरी कहाँ- कहाँ बिछाई जाती है?

(iii) हामिद हिंडोले पर क्यों नहीं चढ़ता ?

(iv) सहयोग शब्द का क्या अर्थ है ?

(v) मनीष क्या बेचकर अपना जीवन बसर कर रहा था?

(vi) वाघा बॉर्डर किन दो देशों के मध्य स्थित है?

(vii) डायनासोर पार्क में कितनी तरह के डायनासोर हैं?

(viii) पानी की घटक गैसें कौन सी है?

(ix) पृथ्वी पर जीवन का मूल आधार क्या है?

(x) भगत सिंह स्कूल से कहाँ चले गये थे ?

(xi) चिड़िया के बच्चे भोजन की माँग किस प्रकार करते थे ?

(xii) कल्पना चावला का विवाह कब और किससे हुआ? (10X1=10)

**प्रश्न - 3. निम्नलिखित में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच पंक्तियों में दें-**

(i) पेड़ किस प्रकार वायु मंडल को शुद्ध करतें हैं ? 'मेरा दम घुटता है' पाठ के आधार पर उत्तर दें।

(ii) चंद्रगुप्त ने पिंजरे के शेर को कैसे बाहर निकाला? 'पिंजरे का शेर' पाठ के आधार पर उत्तर दें।

(iii) हामिद का चिमटा रुस्तम ए हिंद कैसे है ? 'ईदगाह' पाठ के आधार पर उत्तर दें।

(iv) लेखिका ने बच्चों को पढाई का क्या महत्व समझाया ? 'प्रेरणा' पाठ के आधार पर उत्तर दें।

(v) सहयोग के दो उदाहरण लिखिए ? 'सहयोग' पाठ के आधार पर लिखें । (3X5=15)

**भाग - ग** **अनुवाद**

**प्रश्न-4.(i) निम्नलिखित में से किन्हीं चार पंजाबी का शब्दों का हिंदी में अनुवाद करें:**

ਯੋਗ, ਲਹਿਰ, ਮਕੂਲ, ਬਗੀਚਾ, ਈਸ਼ਵਰ, ਮਿਹਨਤ (4×1=4)

**(ii) निम्नलिखित में से किसी एक पंजाबी के वाक्य का हिंदी में अनुवाद करें:**

ਇਹ ਧਰਤੀ ਤੇ ਜੀਵਨ ਦਾ ਮੂਲ ਆਧਾਰ ਹੈ।

ਤੇਰੀਆ ਉਂਗਲੀਆ ਤਵੇ ਨਾਲ ਸੜ ਜਾਂਦੀਆਂ ਸਨ। (1×2=2)

**भाग - घ** **मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ**

दम घुटना , दिन दूनी रात चौगुनी उन्नति करना, धावा बोलना, काला अक्षर भैंस बराबर, आँखों का तारा , एक अनार सौ बीमार (5X1=5)

**भाग - ङ** **रचनात्मक लेखन**

**प्रश्न-6. निम्नलिखित में से कोई एक पत्र अथवा प्रार्थना पत्र लिखें-**

अपने चाचा जी को एक पत्र लिखिए जिसमें जन्मदिवस पर भेजे गए उपहार के लिए धन्यवाद प्रकट किया गया हो।

अथवा

अपने विद्यालय में पीने के पानी के उचित प्रबंध हेतु मुख्य अध्यापक / प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखें। (7)

**प्रश्न-7. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 150 शब्दों का निबंध लिखें:** (8)

1. प्रदूषण की समस्या- प्रदूषण का अर्थ , प्रदूषण के प्रकार एवं समाधान , प्रदूषण दूर करने के उपाय
2. शहीद सरदार भगत सिंह- जन्म, परिवार, पढ़ाई, क्रांतिकारियों से संपर्क, नौजवान भारत सभा का गठन, सांडर्स की हत्या, फांसी ।
3. प्रातः काल की सैर - शांत समय, सुहावना मौसम, ताज़गी, पक्षियों का चहचहाना, अधिक ऑक्सीजन, सूरज की लाली व किरणें, स्वस्थ शरीर, अनिवार्य।

**प्रश्न-8. सुंदर लिखाई** (5)